आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.04.2024 समय : 02.10 pm

प्रदेश चुनाव प्रचार

प्रदेष में तीसरे और चौथे चरणों के लिए इस समय चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने करैरा में चुनावी सभा में किसानों सहित प्रदेष के सभी वर्गो के लिए भाजपा सरकार के कामों को गिनाया। यादव आज शिवपुरी एवं गुना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पन्ना व भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान देवास, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य भिण्ड, दतिया व ग्वालियर में प्रचार कर रहे हैं । इससे पहले कल गुना–शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने षिवपुरी में चुनावी रैली में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु भारत बनाने का संकल्प लिया है। उधर,कांग्रेस के प्रचार की शुरुआत 30 अप्रैल को भिंड से राहुल गांधी करेंगे। श्री गाँधी भिंड में कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया के पक्ष में आमसभा करेंगे। 2 मई को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी मुरैना में आमसभा करेंगी। चौथे चरण की सीटों पर राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का एक और दौरा प्रस्तावित है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज भिण्ड, दतिया और ग्वालियर में संयुक्त रूप से प्रचार करेंगे।

प्रदेश मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल 6 लोकसभा सीटों पर 58 दशमलव 2–6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह 2019 में हुए लोकसभा चुनावों की तुलना में करीब नौ फीसदी कम है।

होशंगाबाद में सबसे ज्यादा 66 दशमलव 7–2 फीसदी मतदान हुआ, जबकि रीवा में सबसे कम 49 दशमलव 4–4 प्रतिशत मतदान हुआ।

प्रदेश चौथा चरण

लोकसभा चुनाव के चौथे और प्रदेश के लिए अंतिम चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में 90 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच के बाद वैध पाए गए, जबकि कुल 11 नामांकन पत्र अस्वीकृत किये गये। नामांकन पत्र भर चुके सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना चार जून को होगी। चौथे चरण में देवास और उज्जैन में नौ–नौ, मंदसौर और धार में आठ–आठ, रतलाम में 13, इंदौर में 23, खरगोन में छह और खण्डवा में 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच के बाद विधिमान्य पाये गये।

लोकसभा सीट भोपाल

देश की प्रमुख लोकसभा सीटों की श्रृंखला में आइए आज बात करते हैं मध्य प्रदेश की भोपाल लोकसभा सीट के बारे में। भोपाल ने देश को पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा, स्वतंत्रता सेनानी मैमूना सुल्तान, आरिफ बेग और उमा भारती जैसे दिग्गज सांसद दिए हैं।

मध्य प्रदेश की राजधानी और अपने तालाबों के लिए विख्यात भोपाल लोकसभा सीट भाजपा का अभेद गढ़ है. इसे नवाबों का शहर भी कहा जाता है. भोपाल में 1957 से 1984 तक 2 7 साल तक कांग्रेस का दबदबा रहा है लेकिन 1989 से यहाँ भाजपा का कब्ज़ा है. हालाँकि, नवाब पटौदी, सुरेश पचौरी और मप्र के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह जैसे कद्दावर नेताओं को उम्मीदवार बनाने के बाद भी कांग्रेस भोपाल में फिर चुनाव नहीं जीत पाई है। भोपाल लोकसभा सीट में कुल 8 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से 6 भाजपा और 2 विधानसभा सीटें कांग्रेस के पास हैं. भोपाल लोकसभा सीट के लिए कुल 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने भोपाल के महापौर रहे आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस ने अरुण कुमार श्रीवास्तव को टिकट दिया है. भोपाल लोकसभा सीट में 23 लाख से अधिक मतदाता हैं. जिनमें करीब 11 लाख 91 हजार से ज्यादा पुरुष और लगभग 11 लाख 27 हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को करीब साढ़े तीन लाख वोटों से हराया था.

मतदाता जागरूकता

प्रदेष में मतदान प्रतिषत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए तरह–तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुरैना में मतदान प्रतिषत बढ़ाने के लिए स्कूली विद्यार्थियों के साथ–साथ जिला प्रषासन व पुलिस के अधिकारी भी सड़कों पर मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान की अपील करते दिखाई दिए। अमर षहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय से मुरैना वोट करेगा कि थीम पर षहर के प्रमुख मार्गों पर निकले वॉकेथान में विद्यार्थी समाज सेवी स्वयंसेवी कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक सहित प्रषासन के अधिकारी एकत्रित हुए।